# करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, मंगलवार, 1 नवंबर, 2022 | 16

**हिंडौन सिटी। ग्रामीण।** शहर के राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अ और ब के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के स्वंय सेवकों व विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए दौड़ लगाई। प्राचार्य सुरेश चंद मीना ने रन फोर यूनिटी को झंडी दिखाकर रवाना किया। गौरतलब है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उत्पलक्ष्य में प्रति वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. महेश कुमार गर्ग व उपमा मीना ने विद्यार्थियों से बिना किसी भेदभाव के एकता बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर खेल तैयारी श्रीनिवास गुर्जर, संकाय सहस्य भोली मीना, डॉ रीतेश जैन, राजकुमारी मीना, सुश्री गुंजन गोयल व धीरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ संकाय सदस्य मुकेश कुमार गोयल ने राष्ट्रीय एकता से संबंधित ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं जिला बैसवाल व गोपाल सिंह बेनीवाल ने रन फोर यूनिटी की व्यवस्था में सहयोग किया।